| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 12.8.24 | पत्रावली पेश हुई।<br>उभयपक्ष अधिवक्ता उपस्थित।<br>विप्रार्थी अधिवक्ता द्वारा 07R11 का प्रार्थना पत्र पेश किया, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र का जवाब पेश नहीं करते हुए सीधे बहस का निवेदन करने पर उभयपक्ष अधिवक्ता की 07R11 के प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई।<br>प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा 07R11 को प्रार्थना पत्र खारिज करने का निवेदन किया गया जबकि विप्रार्थी अधिवक्ता द्वारा अपनी बहस में निवेदन किया कि प्रस्तुत आवेदन में भूमि गै.मु.पार एवं गै.मु. आगोर है, जो कि सरकारी भूमि है, जिसकी पैमाइश करवाने के प्रार्थीगण अधिकारी नहीं है तथा न ही हितबद्ध पक्षकार है। अतः प्रार्थीगण का उक्त आवेदन चलने योग्य नहीं होने से 07R11 का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आवेदन इसी स्टेज पर खारिज फरमाया जावें।<br>उभयपक्ष अधिवक्ता को सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। चूंकि प्रार्थीगण विवादित आराजी के रेकॉर्डेड खातेदार नहीं है एवं भूमि की किस्म गै.मु.पार व गै.मु. आगोर होने से उक्त भूमि की पैमाइश करने एवं अतिक्रमण हटाने का अधिकार सरकार के प्रतिनिधि को है, जो धारा 91 के तहत नियमानुसार कार्यवाही करवाने हेतु स्वतंत्र है। उक्त स्थिति में 07R11 का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।<br>अतः विप्रार्थी अधिवक्ता द्वारा पेश 07R11 का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर उक्त पैमाइश संबंधी आवेदन को इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है तथा तहसीलदार शिव को निर्देश दिये जाते है कि मौजा मेगो का गांव तहसील शिव के खसरा नम्बर 111 रकबा | |

उपखण्ड अधिकारी
शिव (बाड़मेर)

Scanned with OKEN Scanner

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर अहकाम हुक्म की में जारी हुए |
|---|---|---|
| | 5.2168 हैक्टेयर किस्म गै० मु० पार तथा खसरा नम्बर 112 रकबा 12.2620 हैक्टेयर किस्म गै० मु० आगोर की नियमानुसार जांच कर अतिक्रमण पाया जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।<br><br>पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।<br><br>M<br>उपखण्ड अधिकारी<br>शिव (बाड़मेर) | |

Scanned with OKEN Scanner